आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन–मालवा डिवीजन/328/2020–22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 137 | उज्जैन, बुधवार 10 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में चल रही चुनावी तैयारियों की समीक्षा


भोपाल। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिये शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा निर्वाचन सबंधी अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सबन्धी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण हो इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करनी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गर्मियों को देखते हुये मतदान केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थायें करने तथा सेक्टर अधिकारियों के पास मेडिकल किट एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं।



श्री राजन मंगलवार को होटल कलचुरी में आयोजित जबलपुर संभाग के जिलों में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में निर्वाचन आयोग के नोडल अधिकारी पुलिस श्री अंशुमान सिंह, सयुंक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री विवेक श्रोत्रिय, आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनिल कुशवाहा तथा संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने जबलपुर संभाग के जिलों की समीक्षा के बाद दोपहर को दूसरे सत्र में रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में लोकसभा चुनाव की चल रही तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बैठक में आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे प्रत्येक तत्व पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की हिदायत दी जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभी तक की गई कार्यवाही का जिले वार ब्यौरा भी बैठक में लिया। उन्होंने संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने तथा मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी।

# तमिलनाडु में ईडी की चेन्नई समेत 25 ठिकानों पर रेड



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में छापा मारा है। ईडी के एक अधि?कारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ ईडी अधिकारी राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

ड्रग्स केस में गिरफ्तारी के बाद DMK ने सादिक को निकाला- उन्होंने कहा कि सादिक, जो तमिल फिल्मों के निर्माता भी हैं, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य के परिसरों को कवर किया जा रहा है।

सादिक (36 वर्ष) को बीते माह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।

ईडी ने सादिक और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के लिए इस एनसीबी मामले और कुछ अन्य एफआईआर का संज्ञान लिया है।

## ड्रग्स तस्करी मामले में जाफर सादिक के खिलाफ ED का बड़ा ऐक्शन, 25 ठिकानों पर मारी रेड




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की। द्रविड़ मुनेत्र कषगम के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ यह ऐक्शन लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत रेड मारी गई। जांच एजेंसी के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ले रहे हैं। जाफर सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। मालूम हो कि सादिक तमिल फिल्मों के निर्माता भी हैं।

एनसीबी ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में सादिक को पिछले महीने गिरफ्तार किया था। उन्हें 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्राइन की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में अरेस्ट किया गया। बाजार में इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। स्यूडोएफेड्राइन मादक पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाला रसायन है। प्रवर्तन निदेशालय ने एनसीबी के इस मामले और कुछ अन्य प्राथमिकियों का संज्ञान लिया।

# प्रत्याशियों को हर चल संपत्ति की जानकारी देने की जरूरत नहीं, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनकी हर संपत्ति की जानकारी देना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की भी निजता होती है और अगर उनकी कोई संपत्ति का वोटिंग से लेना-देना नहीं है तो इसके बारे में बताना भी जरूरी नहीं है। हालांकि ध्यान रखने की जरूरत है कि वह संपत्ति विलासितापूर्ण ना हो और उसकी कीमत बहुत ज्यादा ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2019 में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में तेजी सीट से निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि के चुनाव को बरकरार रखते हुए सुनाया गया है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उम्मीदवारों और उनके परिवार के सदस्यों को हर चल संपत्ति का ब्यौरा देने की जरूरत नहीं है जबतक कि वह बहुत कीमती या फिर विलासितापूर्ण ना हो। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि गौहाटी हाई कोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया जिसमें कारिखो क्रि के चुनाव को अमान्य करार दे दिया गया था।

याचिका में कारिखो क्रि के विरोधी ने दावा किया था कि कारिखो क्री ने चुनाव से पहले अपनी पत्नी के तीन वाहनों की जानकारी नहीं दी थी जिससे चुनाव पर अनुचित प्रभाव पड़ा। वहीं कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले ही ये वाहन या तो गिफ्ट में दे दिए गए थे या फिर बेच दिए गए थे। ऐसे में ये वान अब क्रि के परिवार के स्वामित्व में नहीं हैं। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कारिखो क्रि तेजू सीट से निर्दलीय विधायक चुने गए थे।

## बिहार के रोहतास में दर्दनाक हादसा! चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी भीषण आग, 8 जिंदा जले



नई दिल्ली (एजेंसी)। कछवां थाना के इब्राहिमपुर पुल के समीप मंगलवार को एक झोपड़ी में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। घायलों में देवराज चौधरी की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी व शामा चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी राजू देवी शामिल हैं।

घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया है। मृतकों में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना के बड़हरा टोला निवासी देवराज चौधरी की पत्नी 30 वर्षीय पुष्पा देवी उनके छह वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार, पुत्री चार वर्षीय काजल कुमारी व एक साल की बच्ची गुड़िया, तरारी थाना भोजपुर के रामनगर निवासी श्यामा चौधरी की छह वर्षीय पुत्री कांति कुमारी, वीशावदर थाना, जूनागढ़ गुजरात के लेभद्रा निवासी दीपक चौधरी की 25 वर्षीय पत्नी माया देवी शामिल हैं।

### कैसे लगी आग?

ग्रामीण व स्वजनों के अनुसार, घटना खाना बनाने के बाद चूल्हे की चिंगारी से घटी। बताया गया कि सभी लोग गेहूं कटनी के बाद दोपहर में आकर खाना बनाने के बाद सो गए थे।

इसी बीच, आग ने झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। स्टील चादर की दीवार होने के कारण वह आग से तप गई और किसी को भी निकलने का मौका नहीं मिल पाया।

## तमिलनाडु के तिरुपुर में कार-बस की हुई जोरदार टक्कर

नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के ओलापलायम के पास एक कार और बस की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में एक ही परिवार को 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 3 महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि कार में सवार लोग थिरुकादैयुर में एक मंदिर से लौट रहे थे, तभी तिरुपुर से तिरुचिरापल्ली जा रही राज्य सरकार की एक बस विपरीत दिशा में आ गई और आज तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओलापलायम के पास दोनों वाहन आमने-सामने टकरा गए। नल्लीकुंडन नगर के 60 वर्षीय चंद्रशेखरन, उनकी 57 वर्षीय पत्नी चित्रा, उनकी बड़ी बहू अरुविविथ्रा, 30 वर्षीय, उनकी तीन महीने की बेटी और उनका छोटा बेटा 26 वर्षीय इलावरासन, जो कार चला रहा था, की टक्कर के तुरंत बाद ही मृत्यु हो गई। चंद्रशेखरन के बड़े बेटे और अरुविविथ्रा के पति शशिधरन को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बंगाल पुलिस ने NIA अधिकारियों पर कैसे दर्ज की FIR, इसे खारिज करें; कलकत्ता हाई कोर्ट से गुहार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज FIR को खारिज करने की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि जस्टिस जय सेनगुप्ता ने दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और उनकी अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से जांच एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गई है। अब देखना होगा कि अदालत इस मामले में क्या फैसला सुनाती है।




दरअसल, पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के विस्फोट मामले के सिलसिले में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में 3 लोगों की जान चली गई थी। भूपतिनगर में हृद्ध अधिकारियों की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी और एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।

दूसरी ओर, एनआईए ने भूपतिनगर में हुए विस्फोट के मामले में पूछताछ करने के लिए टीएमसी के 3 नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने तृणमूल कांग्रेस के तीनों नेताओं को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया, %तीन टीएमसी नेताओं को सोमवार सुबह पूछताछ के लिए हमारे शहर कार्यालय में बुलाया गया है।% पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# कनाडा में भारतीय मूल के बिल्डर-इंजीनियर को गोलियों से किया छलनी, दिनदहाड़े मौत के घाट उतारा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में फिर भारतीय मूल के लोगों पर भारी गोलीबारी हुई है। इसमें एक बिल्डर की मौके पर ही मौत हो गई है। कनाडा के अलबर्टा प्रांत की राजधानी एडमॉन्टन में पंजाब मूल के भारतीय-कनाडाई बिल्डर बूटा सिंह गिल की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। ये गोलीबारी उनके कन्स्ट्रक्शन साइट पर ही हुई, जहां एक और शख्स की मौत हुई है, जबकि तीसरा शख्स गंभीर रूप से जख्मी हुआ है और फिलहाल जिंदगी और मौत के बूच जूझ रहा है। घायल शख्स की पहचान 51 साल के सिविल इंजीनियर सरबजीत सिंह के रूप में हुई है।

गोलीबारी में मारे गए बूटा सिंह गिल शहर के एक प्रमुख बिल्डर और कंस्ट्रक्शन कंपनी गिल बिल्ट होम्स के प्रमुख थे। गोलीबारी की घटना सोमवार को दिनदहाड़े हुई है। इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। गिल एक गुरुद्वारा के प्रमुख भी थे। वह भारतीय-कनाडाई संघों से भी जुड़े थे।

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एडमॉन्टन पुलिस ने कहा, ÷पुलिस सोमवार की दोपहर के आसपास आवासीय क्षेत्र में हुई गोलीबारी की जांच कर रही है और नागरिकों से कैवनघ ब्लव्ड एसडब्ल्यू और 30 एवेन्यू एसडब्ल्यू के क्षेत्र से बचने के लिए कह रही है।÷ दिनदहाड़े गोलाभारी की यह घटना एक निर्माण स्थल पर हुई, जहां कई आवासीय इकाइयां बनाई जा रही थीं।

कनाडाई टीवी चैनल ष्ट्ज्ञङ्क न्यूज की एक रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से कहा गया है कि जब कंस्ट्रक्शन साइट पर गिल एक कार में बैठे थे, तभी एक शख्स, जो निर्माण स्थल पर श्रमिकों की पोशाक पहने हुआ था,उनके पास आया और उन्हें ताबड़तड़ कई गोलियां मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, लापता अब्दुल की मिली लाश; इस साल यह 11वां मामला

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इस दुखद खबर को लेकर पुष्टि की। इसमें बताया गया कि हैदराबाद का 25 वर्षीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात ओहायो में मृत पाया गया है। उन्होंने 2023 में क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया था। कुछ दिनों पहले मोहम्मद अब्दुल अरफात के लापता होने की खबर आई थी। भारतीय दूतावास ने इसे लेकर बताया था कि अब्दुल के परिवार और



स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी तलाश जारी है।

भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में अब्दुल अरफात की मौत पर दुख जताया गया है। बयान में कहा गया, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात ओहायो के क्लीवलैंड में मृत पाए गए हैं, जिनकी कुछ दिनों से तलाश की जा रही थी। मोहम्मद अरफात के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। मालूम हो कि इस साल यूएस में भारतीय छात्र की मौत का यह 11वां मामला है। इसे लेकर बड़े पैमाने पर चिंता जताई जा रही है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह छात्र की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है। इसमें कहा गया, हम उसका शव भारत ले जाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करा रहे हैं।

अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने कहा था कि बेटे ने उनसे आखिरी बार 7 मार्च को बात की थी। तब से वह अपने परिवार के संपर्क में नहीं हैं। उन्होंने बताया था कि उसका मोबाइल फोन भी बंद है। अमेरिका में अरफात के कमरे में उसके साथ रहने वाले व्यक्ति ने उसके पिता को सूचित किया था कि उसने क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।

### कश्मीर पर सऊदी अरब ने भी पाकिस्तान को दिया झटका, शहबाज शरीफ को दी सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में नई सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बड़ी उम्मीद लेकर सऊदी अरब के पहले विदेश दौरे पर पहुंचे हैं। हालांकि कश्मीर के मामले में सऊदी अरब ने भी उन्हें झटका दे दिया है। संयुक्त प्रेसब्रीफिंग के दौरान सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे को लेकर दोनों देशों को बात करनी चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान अकसर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह का राग अलापता रहता है।

# कर्मचारी से संबंध छिपाए, देती रही तगड़े प्रमोशन; बैंक CFO का खुला बड़ा राज

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा के सबसे बड़े बैंक ने सीएफओ को अपने ही कर्मचारी से संबंध छिपाने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया है। महिला अधिकारी 25 साल से बैंक में काम कर रही थी। सीएफओ पर यह ऐक्शन लंबी जांच के बाद लिया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बैंक के कर्मचारी से गोपनीय संबंध रखे और उसे प्रमोशन, सैलरी हाइक समेत कई लाभ दिए।





न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के सबसे बड़े बैंक रॉयल बैंक ऑफ कनाडा (आरबीसी) ने अपने मुख्य वित्तीय अधिकारी नादिन आन को कथित तौर पर एक अन्य कर्मचारी के साथ संबंध छिपाने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया है। नादिन 1999 में रॉयल बैंक में शामिल हुई थी और सितंबर 2021 में सीएफओ नियुक्त की गई थी। महिला की बैंक में ट्रेजरी, निवेशकों से डील और अन्य वित्तीय भूमिकाओं की सीधे तौर पर भूमिका थी।

5 अप्रैल को एक प्रेस विज्ञप्ति में बैंक ने यह घोषणा की कि उसने नादिन आन को आरोपों के सही पाए जाने के बाद नौकरी से निकाल दिया है। उन पर बैंक के अन्य कर्मचारी के साथ अज्ञात घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध बनाकर रखकर नियमों के उल्लंघन आरोप साबित हुआ। नादिन पर दोस्ती की आड़ में उस कर्मचारी को प्रमोशन और मुआवजा समेत अन्य लाभ देने का आरोप है।

हालांकि जांच में दोनों कर्मचारियों को बैंक में किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार या गबन के आरोप साबित नहीं हुए हैं।

# चीन और अमेरिका में फिर तनातनी, ड्रैगन ने चीनी छात्रों को जबरन बाहर निकालने का लगाया आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने अमेरिका पर उसके छात्रों को जबरन देश से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। बीजिंग की ओर से सोमवार को कहा गया कि यूएस बिना किसी वैध सबूत के चीनी छात्रों को जबरन निर्वासित कर रहा है। इसके साथ ही चीन ने अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए अहम कदम उठाने की चेतावनी दी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने राजधानी बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। साथ ही बिना वैध सबूत के मनमाने ढंग से चीनी छात्रों के वीजा रद्द कर दिए। अमेरिका में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया और जबरन निर्वासित कर दिया।

माओ जिंग से पूछा गया कि खबरें सामने आई थीं कि वाशिंगटन डलेस हवाई अड्डे और डलास एयरपोर्ट पर अमेरिकी सीमा में प्रवेश करने पर चीन के छात्रों से पूछताछ की गई और उन्हें जबरन निर्वासित कर दिया था। इस पर माओ ने कहा कि अमेरिका के इस कदम से दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी मेल-जोल को भारी नुकसान पहुंचा है। माओ ने कहा, 'हाल के मामलों से पता चलता है कि अमेरिक के कानून प्रवर्तन के कर्मचारी चीनी नागरिकों को निर्वासित करने के लिए बेवजह के तर्क दे रहे हैं। साफ तौर पर यह भेदभावपूर्ण और राजनीति से प्रेरित कदम है।'

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि चीन अपने नागरिकों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए अहम कदम उठाएगा। अमेरिका को तुरंत इस तरह का उत्पीड़न बंद करना चाहिए।

### इजरायल की जीत का रास्ता राफा से निकलेगा; नेतन्याहू ने तय कर दी हमले की तारीख, अमेरिका भी चौंका



नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण गाजा शहर से अपनी सेना को वापस बुलाने और ईद पर कुछ दिन के अमन-चैन की खबरों के बीच इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को फिर चौंका दिया है। नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि इजरायल की जीत के लिए गाजा ही नहीं राफा पर भी हमला जरूरी है। गाजा शहर को मरघट बना चुके नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ अगले चरण की जंग का ऐलान करते हुए हमले की तारीख की घोषणा कर दी है। नेतन्याहू की घोषणा के बाद अमेरिका भी चौंक गया है। उसने साफ इनकार किया कि इजरायल ने उससे इस संबंध में कोई सलाह मशवरा लिया है। अमेरिका ने राफा पर हमलो को लेकर किसी भी तरह की जानकारी से इनकार किया है।

एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि राफा शहर पर हमले की तारीख तय कर दी गई है। इजरायल का कहना है कि यह गाजा में हमास के आखिरी गढ़ों में से एक है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि आक्रमण कब होगा? वीडियो संदेश में दोहराया कि हमास पर जीत के लिए राफा में भी आतंकवादी बटालियनों का सफाया आवश्यक है।

# अमेरिका में कम हो रहा धर्म का असर, मुसलमान भी खूब छोड़ रहे मजहब; पर उनके लिए एक अच्छी बात

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में पब्लिक लाइफ में धर्म का असर लगातार कम हो रहा है। करीब 80 फीसदी अमेरिकी ऐसा मानते हैं और उनका कहना है कि सार्वजनिक जीवन में धर्म का प्रभाव घटा है। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह पहला मौका है, जब अमेरिका में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का कहना है कि धर्म का असर कम हो रहा है। हालांकि एक बात और है कि ये लोग मानते हैं कि धर्म का असर कम हो रहा है, लेकिन यह अच्छी बात नहीं है। वहीं महज 8 फीसदी अमेरिकी वयस्क ही मानते हैं कि धर्म का असर बढ़ रहा है और यह अच्छी चीज है।



इस सर्वे में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भी सवाल पूछा गया कि क्या ये लोग धर्म के प्रभाव में हैं। इस पर 13 फीसदी लोगों ने माना कि जो बाइडेन पर धर्म का गहरा प्रभाव है। वहीं महज 4 पर्सेंट लोग ही मानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर ईसाई मत का कोई प्रभाव है। कुल मिलाकर इस सर्वे से साफ हुआ कि अमेरिका में अब धर्म का असर सार्वजनिक जीवन में तेजी से कम हो रहा है। एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि ईसाई मत के अलावा अन्य धर्मों में भी यह असर दिख रहा है कि उन्हें मानने वाले सार्वजनिक तौर पर धर्म का प्रदर्शन नहीं करना चाहते।

अमेरिका को लेकर एक सर्वे वर्ष 2017 में भी हुआ था। इसमें दावा किया गया था करीब 23 फीसदी अमेरिकी मुसलमान ऐसे हैं, जो अपने मजहब से नाता तोड़ रहे हैं। इसे एक्स मुस्लिम मूवमेंट भी कहा जा रहा है। इसके अलावा 22 फीसदी ईसाई ऐसे हैं, जो अपने पंथ से ताल्लुक नहीं रखना चाहते। हालांकि एक अहम बात यह है कि यदि 23 फीसदी अमेरिकी मुसलमान मजहब से दूर हो रहे हैं तो दूसरे धर्मों से मतांतरित होकर इस्लाम में आने वाले लोगों की संख्या भी 23 फीसदी के करीब ही है।

# जेल में बर्बाद होने नहीं दे सकते हुनर, पता कीजिए कितने कैदी BA, MA, डॉक्टर-इंजीनियर; HC ने मांगी रिपोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में पांच वकीलों की एक टीम को आदेश दिया है कि वे सभी लखनऊ की मॉडल जेल में जाकर वहां कैद सभी बंदियों की शिक्षा, योग्यता और तकनीकी कौशल क्षमताओं का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट अदालत को दें। ताकि विभिन्न अपराधों में दोषी करार दिए गए युवाओं की कौशल क्षमता का जेल के अंदर ही बेहतर इस्तेमाल किया जा सके और उससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके। अदालत ने ये आदेश एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान स्वत- संज्ञान लेते हुए दिया है।

इश्तियाक हसन खान बनाम यूपी राज्य के मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के जस्टिस अताउ रहमान मसूदी और जस्टिस बृज राज सिंह की खंडपीठ ने वकीलों को ऐसे सुझाव देने का निर्देश दिया जो जेल में बंद दोषियों के लिए एक सुधारात्मक तंत्र लाया जा सके। जजों ने अपने आदेश में कहा है कि इससे कैदी अपने परिवारों को वित्तीय सहायता देने में सक्षम हो सकेंगे।

## काजू के खेत में हुआ विस्फोट, एक व्यवसायी गिरफ्तार; फॉरेंसिक टीम कर रही घटनास्थल की जांच



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तरी गोवा जिले के एक गांव में काजू के खेत में हुए भीषण विस्फोट के बाद पुलिस ने मंगलवार सुबह एक स्थानीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल पर फोरेंसिक विशेषज्ञों ने जांच शुरू कर दी है। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी। सोमवार शाम अंसोलेम गांव में हुई घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि विस्फोटकों के विशेषज्ञों के साथ एक फोरेंसिक टीम मंगलवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, निजी काजू फार्म के एक गोदाम में रखी जिलेटिन की छड़ें सोमवार रात करीब 8 बजे फट गईं।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विस्फोट के कारण खेत के आस-पास के कई घरों में दरारें आ गईं और जहां विस्फोटक रखे गए थे वह ढांचा ढह गया।

विस्फोट की आवाज विस्फोट स्थल से चार किलोमीटर दूर स्थित वालपोई शहर तक भी सुनाई दी। उन्होंने कहा कि घटना के समय वालपोई शहर में शिम परेड में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे थे।

## VVPAT पर्चियों से डाले गए वोटों के सत्यापन पर 16 अप्रैल को होगी सुप्रीम सुनवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ डाले गए वोटों के सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकी। मगर, पीठ ने कहा कि वह अगले मंगलवार को सुनवाई के लिए मामले की सभी याचिकाओं पर विचार करेगी।

लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग- बता दें कि देश में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हो रहा है, जो सात चरण में आयोजित करवाया जाएगा। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने इस मामले में शीर्ष कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की थी, जिसके बाद कोर्ट ने 3 अप्रैल को कहा था कि वह अन्य मामलों के साथ एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करेगी।

वीवीपीएटी के जरिए वोटरों के वोट का सत्यापन- वीवीपीएटी एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने का अवसर देती है कि उसका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं। इसके जरिए मशीन से एक पर्ची निकलती है, जिसे मतदाता देख सकता है।

## 9 लाख दो नहीं तो कर देंगे टुकड़े बेटी की हत्या के 3 दिन बाद पेरेंट्स को आया मैसेज



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे से 30 मार्च को लापता इंजीनियरिंग की 22 वर्षीय छात्रा की अहमदनगर जिले में हत्या कर दी गई। पीड़िता भाग्यश्री सूर्यकांत सुदे की तलाश चल ही रही थी कि उसकी मां को 2 अप्रैल को बेटी के सेल फोन से फिरौती को लेकर मैसेज आया। हिंदी में टाइप किए गए संदेश में लिखा गया, अल्लाह हाफिज सुदे परिवार। भाग्यश्री की तलाश बंद कर दीजिए। हमने उसका अपहरण किया है और उसे विदेश भेज दिया है। इस मैसेज के जरिए 9 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। साथ ही यह धमकी भी दी गई कि अगर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना देने की कोशिश की तो लड़की के टुकड़े-टकड़े कर दिए जाएंगे। यह मैसेज हैरान करने वाला इसलिए था क्योंकि 30 मार्च को ही छात्रा की हत्या कर दी गई थी। अब पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच से ध्यान भटकाने के मकसद से आरोपियों ने ऐसा किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में उसके एक मित्र समेत 3 लोगों ने फिरौती के लिए उसका अपहरण कर लिया था। उन्होंने बाद में उसका गला घोंट दिया। युवती का शव रविवार को अहमदनगर में मिला और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा, 'छात्रा वाघोली इलाके के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। कॉलेज में पढ़ने वाला उसका एक पुरुष मित्र और 2 अन्य लोग 29 मार्च को उससे मिले। उन्होंने बाद में उसे उसके छात्रावास में छोड़ दिया। वे 30 मार्च को उसे अहमदनगर ले गए थे जहां उसकी हत्या कर दी गई।

ऑफिसर ने बताया कि आरोपियों ने छात्रा के मोबाइल फोन का सिम कार्ड निकाल लिया। छात्रा के परिवार के सदस्य उससे संपर्क नहीं कर पा रहे थे। इसलिए वे कॉलेज और छात्रावास गए, लेकिन जब उन्हें छात्रा वहां नहीं मिली, तो उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

## जलवायु परिवर्तन मौलिक अधिकार को प्रभावित करता है, CJI चंद्रचूड़ की पीठ ने वापस लिया अपना आदेश




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बेहद अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का मौलिक अधिकार है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे देशों को स्वस्थ और सतत विकास के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को कायम रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान और गुजरात राज्य में लुप्तप्राय पक्षी 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' के संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के बीच संतुलन के उपाय सुझाने के लिए एक समिति का गठन किया है।

पीठ ने कहा, जलवायु परिवर्तन समानता के अधिकार की संवैधानिक गारंटी को प्रभावित कर सकता है। जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से स्थिर और अप्रभावित स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन का अधिकार पूरी तरह से साकार नहीं होता है। स्वास्थ्य का अधिकार (जो अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक हिस्सा है) वायु प्रदूषण, वेक्टर जनित बीमारियों में बदलाव, बढ़ते तापमान, सूखा, फसल खराब होने के कारण खाद्य आपूर्ति में कमी, तूफान और बाढ़ जैसे कारकों के कारण प्रभावित होता है।

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआईबी) विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात में पाए जाते हैं, और उनकी संख्या में चिंताजनक कमी का कारण उनके निवास स्थान के पास सौर संयंत्रों सहित ओवरहेड बिजली पारेषण लाइनों से उनका अकसर टकराना है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कई नागरिकों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति की कमी न केवल आर्थिक विकास में बाधा डालती है, बल्कि महिलाओं और कम आय वाले परिवारों सहित समुदायों को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है, जिससे असमानताएं और बढ़ती हैं।

## भारत घुस कर मार रहा; खूब रोया था पाकिस्तान, पर अब अमेरिका ने भी दे दिया झटका



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि भारत की ओर से उसकी जमीन पर दो लोगों की टारगेट किलिंग की गई है। इससे पहले ब्रिटेन के मशहूर गार्जियन अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत बड़े मिशन पर जुटा है। इसके तहत वह पाकिस्तान में अपने एजेंट्स के माध्यम से आतंकियों का सफाया कर रहा है। भारत ने एक तरफ ऐसी रिपोर्ट्स का खंडन किया था तो वहीं पाकिस्तान के आरोपों को भी निराधार बताया था। अब इस मामले में अमेरिका का भी रिएक्शन आया है। अमेरिका ने दोनों देशों को सलाह दी है कि किसी तरह का विवाद न बढ़ाएं और बैठकर सभी मसलों का हल निकालें।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हम इस मामले में मीडिया रिपोर्ट्स को देख रहे हैं। जिन आरोपों की बात की जा रही है, हम उन पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। लेकिन इतना तय है कि इस मामले में हम बीच में नहीं पड़ने जा रहे। हम दोनों ही पक्ष के लोगों से कहते हैं कि विवाद बढ़ाया न जाए। बातचीत से ही समाधान तलाशा जाए। इस तरह अमेरिका ने पाकिस्तान की उम्मीदों को झटका दिया है, जो भारत पर बेजा आरोप लगाकर दुनिया का अटेंशन पाना चाहता था। ऐसे में अमेरिका का सधा हुआ रिएक्शन उसकी उम्मीदों के विपरीत है।

बता दें कि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को गार्जियन की रिपोर्ट के बाद भारत पर आरोप लगाए थे। पाकिस्तान ने कहा था कि भारत का नेटवर्क दुनिया भर में न्यायिक प्रक्रिया से परे लोगों की हत्याएं करा रहा है। दरअसल गार्जियन की रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत अपनी व्यापक रणनीति के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों का खात्मा कर रहा है। इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया, जब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि कोई आतंकवादी भारत को निशाना बनाता है और कहीं छिप जाता है तो हमें उस घुसकर मारेंगे। भारत किसी भी मामले में पीछे नहीं हटेगा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण द्वतीया

## संपादकीय

# प्यू रिसर्च सेंटर का कहना है कि Gen Z में वे लोग शामिल हैं....



प्यू रिसर्च सेंटर का कहना है कि Gen Z में वे लोग शामिल हैं, जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। यह वह पीढ़ी है, जिसके जीवन में कम उम्र से पहले मोबाइल फोन और बाद में स्मार्टफोन दाखिल हो गया। मोबाइल फोन, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के साये में ज्यादातर जीवन गुजारने वाली यह पीढ़ी अपने से पुरानी पीढ़ियों से कैसे अलग है? और इसका इनके जीवन पर क्या असर हुआ है?

मनोवैज्ञानिक असर- सोशल साइकॉलजिस्ट और न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी के प्रफेसर Jonathan Haidt ने अपनी किताब The Anxious Generation: How the Great Rewiring of Childhood Is Causing an Epidemic of Mental Illness, में इसका जवाब दिया है। उन्होंने इस किताब में लिखा है कि मनोवैज्ञानिक स्तर पर यह पीढ़ी किस तरह से पिछली पीढ़ियों से अलग है। वह दावा करते हैं कि जिन लोगों का जन्म 1996 के बाद हुआ है, वे अपने से कुछ ही साल पैदा हुए बच्चों से भी मनोवैज्ञानिक स्तर पर अलग हैं।

तन्हा जीवन : Haidt का कहना है कि Gen Z का 'psychological immune system' कमजोर है। यानी पिछली पीढ़ियों की तुलना में ये बहुत जल्द खीझ जाते हैं। छोटे हादसों, टीजिंग या सामान्य झगड़ों से वे घंटों या कई बार कुछ दिनों तक परेशान रहते हैं। किशोरावस्था या उसके बाद भी इनकी हालत ऐसी ही रहती है।

यानी यह एक बेचैन पीढ़ी है। पिछली पीढ़ियों की तुलना में इस जेनरेशन के लोग कहीं ज्यादा तन्हा जीवन गुजारते हैं। उनके डिप्रेशन का शिकार होने की आशंका भी अधिक रहती है। इस पीढ़ी के लोग नींद भी कम लेते हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या अधिक है, जिन्हें लगता है कि उनके जीवन का कोई मतलब नहीं है।

तकनीक का दोष : Haidt लिखते हैं कि यह पीढ़ी एक मेंटल हेल्थ इमरजेंसी से गुजर रही है। इसके वास्तविक कारण क्या हैं, इसे समझने की कोशिश आने वाले वर्षों में भी होती रहेगी। लेकिन Haidt का दावा है कि इसमें कोई शक नहीं कि यह पीढ़ी संकट के दौर से गुजर रही है। वह बताते हैं कि इस क्राइसिस की वजह सिर्फ टेक्नॉलजिकल नहीं है।

इसकी कल्चरल वजहें भी हैं।

लाइक बटन- वह लिखते हैं कि जब इस जेनरेशन के लोग 2009-2010 में स्कूल में थे, तब सोशल मीडिया साइट फेसबुक ने लाइक बटन इंट्रोड्यूस किया। ट्विटर ने रीट्वीट का ऑप्शन दिया और स्मार्टफोन में फ्रंट-फेसिंग कैमरा आने लगे, जिसने सेल्फी युग को जन्म दिया। सोशल मीडिया ने इस पीढ़ी को एक ऐसे वर्चुअल वर्ल्ड में धकेल दिया, जहां रियल टाइम रिएक्शंस मिल रहे थे। Haidt का मानना है कि जिस उम्र में इन लोगों का इस तरह की नई टेक्नॉलजी से साबका पड़ा, वह उम्र जेहनी और मनोवैज्ञानिक विकास के लिए अहम होती है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया ने उनके अंदर जो कमतरी का अहसास भरा, उससे उनके आत्मविश्वास में कमी आई।

कैसे हुआ असर- ऐसे शोध हुए हैं, जिनसे यह बात सामने आई है कि जो बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, उनके बेचैनी और डिप्रेशन का शिकार होने की आशंका अधिक होती है। Haidt ने अमेरिकी संदर्भों में बताया है कि इससे खासतौर पर लड़कियों, अश्वेत बच्चों और LGBTQ पर कहीं बुरा असर पड़ा है।

सुरक्षा का डर : Gen Z के मानस पर कल्चरल वजहों का भी असर पड़ा है और इसके लिए Haidt इन बच्चों के माता-पिता को भी कसूरवार मानते हैं। पिछली पीढ़ियों के बच्चे जहां स्कूल से अकेले घर लौट आते थे, वहीं इस दौर में माता-पिता उन्हें स्कूल लाते-ले जाते हैं।

# कस्तूरबा गाँधी



कस्तूरबा गांधी, महात्मा गांधी की पत्नी जो भारत में बा के नाम से विख्यात हैं। भारत के गौरवशाली इतिहास में बलिदान की इतनी गाथाएँ हैं कि सितारों की गिनती तक कम पड़ जाती है। अगर हम अपने इतिहास की विवेचना करने बैठें तो महिलाओं के बढ़-चढ़ कर योगदान देखने को मिलेंगे, फिर चाहे वो संस्कृति हो, परंपरा, राजनीति, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति या कुछ और, कोई भी विद्या नारी स्पर्श से अछूती नहीं रही है। अगर हम अपने स्वतंत्रता संग्राम की ही बात करें तो अनगिनत महिलाओं का नाम प्रतिबिंबित होता है जो बहुत सक्रिय रहीं सबसे पहली महिला जिनका नाम ही स्वतंत्रता का पर्याय बन गया है वो हैं श्रीमती कस्तूरबा गाँधी। कस्तूरबा गाँधी महात्मा गाँधी की पत्नी थीं।

## जीवनी

कस्तूरबा गाँधी का जन्म 11 अप्रैल सन् 1869 ई. में महात्मा गाँधी की तरह काठियावाड़ के पोरबंदर नगर में हुआ था। इस प्रकार कस्तूरबा गाँधी आयु में गाँधी जी से 6 मास बड़ी थीं। कस्तूरबा गाँधी के पिता गोकुलदास मकनजी साधारण स्थिति के व्यापारी थे। गोकुलदास मकनजी की कस्तूरबा तीसरी संतान थीं। उस जमाने में कोई लड़कियों को पढ़ाता तो था नहीं, विवाह भी अल्पवय में ही कर दिया जाता था। इसलिए कस्तूरबा भी बचपन में निरक्षर थीं और सात साल की अवस्था में 6 साल के मोहनदास के साथ उनकी सगाई कर दी गई। तेरह साल की आयु में उन दोनों का विवाह हो गया। बापू ने उन पर आरंभ से ही अंकुश रखने का प्रयास किया और चाहा कि कस्तूरबा बिना उनसे अनुमति लिए कहीं न जाएं, किंतु वे उन्हें जितना दबाते उतना ही वे आज़ादी लेती और जहाँ चाहतीं, चली जातीं।

## स्वतंत्रता कुमुक की प्रतिभागी

कस्तूरबा गाँधी, महात्मा गाँधी के स्वतंत्रता कुमुक की पहली महिला प्रतिभागी थीं। कस्तूरबा गाँधी का अपना एक दृष्टिकोण था, उन्हें आज़ादी का मोल और महिलाओं में शिक्षा की महत्ता का पूरा भान था। स्वतंत्र भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना उन्होंने भी की थी। उन्होंने हर क़दम पर अपने पति मोहनदास करमचंद गाँधी का साथ निभाया था। बा जैसा आत्मबलिदान का प्रतीक व्यक्तित्व उनके साथ नहीं होता तो गाँधी जी के सारे अहिंसक प्रयास इतने कारगर नहीं होते। कस्तूरबा ने अपने नेतृत्व के गुणों का परिचय भी दिया था। जब-जब गाँधी जी जेल गए थे, वो स्वाधीनता संग्राम के सभी अहिंसक प्रयासों में अग्रणी बनी रहीं।

## कस्तूरबा के लिए प्रेरणा बने बापू

गाँधी जी जो कहते थे, उसे स्वयं भी करते थे, यह अटूट सत्य था। उनसे जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग हैं, लेकिन यहाँ ऐसे प्रसंग का वर्णन किया जा रहा है जो अत्यधिक प्रेरक हैं।

कस्तूरबा गाँधी बीमार रहती थीं। एक दिन गाँधी जी ने उन्हें सलाह दी कि तुम नमक खाना छोड़ दो, तो अच्छी हो जाओगी।

कस्तूरबा ने कहा- नमक के बिना भोजन कैसे किया जाएगा।

गाँधी जी बोले- नमक छोड़कर देखो तो सही।

कस्तूरबा ने प्रतिवाद करते हुए कहा - पहले आप ही छोड़कर देखिए न?

गाँधी जी ने संकल्प करते हुए कहा- बस अभी से छोड़ दिया।

उसी दिन से गाँधी जी ने नमक का प्रयोग करना छोड़ दिया। गाँधी जी अपनी बात के स्वयं प्रेरक बन गए। वैसे भी मनुष्यों को जितनी भी बीमारियाँ हैं, उसमें उसके द्वारा खान-पान का दोष ही अधिक है।

## मृत्यु

9 अगस्त सन् 1942 ई. को बापू के गिरफ़्तार हो जाने पर कस्तूरबा गाँधी ने, शिवाजी पार्क, मुंबई में, जहाँ स्वयं बापू भाषण देने वाले थे, सभा में भाषण करने का निश्चय किया। किंतु पार्क के द्वार पर पहुँचने पर कस्तूरबा गाँधी गिरफ़्तार कर ली गई। कस्तूरबा गाँधी को दो दिन बाद पूना के आगा खाँ महल में भेज दिया गया। बापू गिरफ़्तार करके पहले ही वहाँ भेजे जा चुके थे। उस समय कस्तूरबा गाँधी अस्वस्थ थीं। 15 अगस्त को जब यकायक महादेव देसाई ने महाप्रयाण किया तो कस्तूरबा गाँधी बार बार यही कहती रहीं महादेव क्यों गया, मैं क्यों नहीं। बाद में महादेव देसाई का चितास्थान कस्तूरबा गाँधी के लिए शंकर-महादेव का मंदिर सा बन गया। कस्तूरबा गाँधी प्रतिदिन वहाँ जाती थीं और समाधि की प्रदक्षिणा कर उसे नमस्कार करतीं। कस्तूरबा गाँधी उस पर दीप भी जलवातीं थीं।

कस्तूरबा गाँधी का गिरफ़्तारी की रात को जो स्वास्थ्य बिगड़ा वह फिर संतोषजनक रूप से सुधरा नहीं और कस्तूरबा गाँधी ने 22 फ़रवरी सन् 1944 को अपना प्राण त्याग दिए। उनकी मृत्यु के उपरांत राष्ट्र ने महिला कल्याण के निमित्त एक करोड़ रुपया एकत्र कर इन्दौर में कस्तूरबा गाँधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट की स्थापना की।



# मेटल स्टॉक्स की चांदी, सेल और हिन्दुस्तान कॉपर के शेयरों ने बनाया रिकॉर्ड



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेटल स्टॉक्स में तूफानी तेजी आई है। हिन्दुस्तान जिंक, हिन्दुस्तान कॉपर, सेल और वेदांता के शेयरों में मंगलवार को 17 पर्सेंट तक का उछाल आया है। चौथी तिमाही के मजबूत बिजनेस अपडेट्स, चीन और अमेरिका में सुधरते मैन्युफैक्चरिंग आउटलुक की वजह से मेटल शेयरों में यह तेजी देखने को मिली है। हिन्दुस्तान जिंक के शेयर मंगलवार को 17 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 407.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। हिन्दुस्तान जिंक के शेयर ऑल-टाइम हाई पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है।

13 साल से ज्यादा के हाई पर हिन्दुस्तान कॉपर के शेयर- हिन्दुस्तान कॉपर के शेयर मंगलवार को 10 पर्सेंट की तेजी के साथ 366.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। हिन्दुस्तान कॉपर के शेयर मंगलवार को 13 साल से ज्यादा के हाई पर पहुंच गए हैं। दिसंबर 2010 के बाद कंपनी के शेयरों का यह हाइएस्ट लेवल है। कंपनी के शेयरों ने मंगलवार को 52 हफ्ते का भी नया हाई बनाया है। पिछले एक साल में हिन्दुस्तान कॉपर के शेयरों में 260 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 10 अप्रैल 2023 को 100.57 रुपये पर थे। हिन्दुस्तान के शेयर 9 अप्रैल 2024 को 366.25 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

सरकारी कंपनी सेल के शेयर भी मंगलवार 9 अप्रैल को 12 साल से ज्यादा के हाई पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 153.40 रुपये पर जा पहुंचे हैं। सेल के शेयरों का यह 52 हफ्ते का नया हाई है। सेल के शेयर मई 2011 के बाद अपने उच्चतम स्तर पर हैं। वेदांता लिमिटेड के शेयरों ने भी मंगलवार को 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। कंपनी के शेयर करीब 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 339.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। मॉयल के शेयर भी 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 343 रुपये पर पहुंच गए हैं।

## 7 दिन से लगातार इस शेयर में लग रहा अपर सर्किट, 12 अप्रैल को होगी बड़ी बैठक



नई दिल्ली (एजेंसी)। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड फंड जुटाने को लेकर चर्चा में है। इस बीच कंपनी के शेयरों में लगातार सात कारोबारी दिन से अपर सर्किट लग रहा है। आज मंगलवार को भी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के शेयर कारोबार के दौरान 5त्न तक चढ़ गए। इसमें अपर सर्किट लगा था और यह शेयर 405.05 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले सोमवार को यह शेयर 385.80 रुपये पर बंद हुआ था।

हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का स्टॉक 1 अप्रैल 2024 से अपर सर्किट को छू रहा है। मल्टीबैगर स्टॉक पिछले एक साल में 325 प्रतिशत तक बढ़ गया है। कंपनी ने भारतीय शेयर बाजार एक्सचेंजों को फंड जुटाने के प्रस्ताव के बारे में सूचित किया है। कंपनी ने कहा है कि इस पर बोर्ड में चर्चा की जाएगी। कंपनी की बोर्ड बैठक 12 अप्रैल 2024 को तय की गई है।

बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, नए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत के बाद सर्किट-टू-सर्किट स्टॉक 5 प्रतिशत के ऊपरी सर्किट को छू रहा है। इसका 28 मार्च 2024 को बंद भाव 288 प्रति शेयर था। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष 2025 में 7 कारोबारी सेशंस में सर्किट-टू-सर्किट मल्टीबैगर स्टॉक 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है।

पिछले छह महीनों में यह मल्टीबैगर स्टॉक लगभग 121.50 से बढ़कर 405 प्रति स्तर तक पहुंच गया है।

# कंपनी कर रही स्टॉक स्प्लिट का प्लान, शेयर खरीदने की मच गई लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। कंपनी के बोर्ड ने स्टॉक स्प्लिट योजना पर विचार करने का ऐलान किया तो प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स के शेयरों को खरीदने के लिए निवेशक टूट पड़े। शेयर 16 फीसद से अधिक उछलकर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 1996.80 रुपये पर पहुंच गया। प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स का शेयर मूल्य 9 अप्रैल को 1770 रुपये पर खुलकर 1996.80 रुपये पर पहुंच गए। दोपहर दो बजे के करीब 16 फीसद ऊपर 1960 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे।

कंपनी के इक्विटी शेयरों के फेस वैल्यू में स्प्लिट के प्रस्ताव पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक शुक्रवार, 19 अप्रैल को होने वाली है। बोर्ड पब्लिक इश्यू, प्रिफरेबल इश्यू निर्गम, प्राइवेट प्लेसमेंट (एक या अधिक योग्य संस्थागत प्लेसमेंट सहित), या किसी अन्य मोड और या उसके संयोजन के माध्यम से इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय उपकरण जारी करके धन जुटाने के प्रस्ताव पर भी विचार करेगा।

नामित व्यक्तियों द्वारा कंपनी की सिक्यूरिटिज में ट्रांजैक्शन के लिए ट्रेडिंग विंडो 01 अप्रैल, 2024 से बंद कर दी गई है और मार्च में समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के ऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट की घोषणा के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी।

यह स्टॉक पिछले पांच दिन में करीब 20 फीसद का रिटर्न दे चुका है। जबकि, इसने पिछले एक महीने में करीब 35 फीसद की उड़ान भरी है। अगर पिछले छह महीने के इसके प्रदर्शन की बात करें तो यह स्टॉक 85 फीसद से अधिक उछल चुका है। एक साल में इसने अपने निवेशकों के निवेश को पौने पांच गुना कर दिया है। इसका 52 हफ्ते का लो 399.05 रुपये है।

## इस रियल्टी कंपनी की सेल 1,000 करोड़ के पार, शेयर 52 हफ्ते के हाई पर




नई दिल्ली (एजेंसी)। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स एक फीसद से ऊपर है। आज रियल्टी शेयरों में तेजी के बीच अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा के शेयर 9 प्रतिशत उछलकर 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में सेल 1000 करोड़ रुपये के पार करने का ऐलान किया है।

31 मार्च को समाप्त तिमाही के लिए, अजमेरा रियल्टी की सेल दोगुना होकर 287 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही के 140 करोड़ रुपये से 104 प्रतिशत अधिक है।

इस तिमाही के लिए कलेक्शन 197 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 91 प्रतिशत अधिक है। कुल बिक्री क्षेत्र 1.12 लाख वर्ग फुट थी, जो त्न4स्नङ्क23 में 69,209 वर्ग फुट से 63 प्रतिशत अधिक है।

सुबह 10 बजे के करीब एनएसई पर अजमेरा रियल्टी के शेयर 820.95 रुपये पर थे। सुबह 789.35 रुपये पर खुलकर यह रियल्टी स्टॉक 863 रुपये के 52 हफ्ते के हाई पर पहुंच गया। दोपहर 12 बजे के करीब यह 817.70 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पांच दिन में यह करीब 9 फीसद चढ़ा है। जबकि, इस साल 82 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का लो 290.80 रुपये है।

# लिस्टिंग पर कराया था नुकसान, अब दे रहा जबरदस्त मुनाफा, 190% चढ़ गया भाव, निवेशक गदगद



नई दिल्ली (एजेंसी)। एथोस के शेयर लगातार फोकस में हैं और इसने अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। प्रीमियम और लग्जरी घड़ी रिटेल सेक्टर में एक प्रमुख प्लेयर एथोस के शेयर में अप्रैल 2023 से लगातार तेजी है। सालभर में इसमें 166त्न की जबरदस्त तेजी आई है। इस दौरान यह शेयर 959 से बढ़कर 2,542 पर आ गया है। पिछले 12 महीने में स्टॉक का 8 महीने पॉजिटिव रिटर्न रहा। अप्रैल 2023 में यह शेयर 35.33त्न का मासिक रिटर्न दिया था। इसके बाद इस साल जनवरी में 19.61% चढ़ा है। 11 मार्च को स्टॉक 3,044 प्रति शेयर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।

9 अगस्त, 2021 में यह शेयर भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर 878 के इश्यू प्राइस के मुकाबले 803 प्रति शेयर पर लिस्ट हुआ था। स्टॉक को शुरुआत में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, बाद के महीनों में इसमें तेजी आई और वर्तमान में यह अपने आईपीओ प्राइस से 190त्न अधिक प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है।

एथोस वॉचेज भारत की लग्जरी घड़ी बुटीक की सबसे बड़ी चेन है। लग्जरी घड़ी मार्केट में हाल के सालों में जबरदस्त तेजी आई है और बढ़ती मांग के कारण आने वाले वर्षों में भी यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। बता दें कि वर्तमान में कंपनी के भारत में 60 से अधिक स्टोर हैं। एथोस के पास भारत में प्रीमियम और लग्जरी घड़ियों का एक बड़ा पोर्टफोलियो है। इसमें ओमेगा, आईडब्ल्यूसी शैफहाउसेन, जैगर लेकोल्ट्रे, पैनेराई, एच. मोजर एंड सी, राडो, लॉन्गिंस, बॉम एंड मर्सिएर, ओरिस, एसए, कोरम, कार्ल एफ. बुचेरर, टिसोट, रेमंड वेइल, लुई मोइनेट और बाल्मेन जैसे 60 से अधिक प्रीमियम और लग्जरी घड़ी ब्रांडों की रिटेल बिक्री शामिल हैं।

## 6 महीने में 1766% रिटर्न, 2.70 से 50.40 पर पहुंचा शेयर, लगातार लग रहा अपर सर्किट



नई दिल्ली (एजेंसी)। महज छह महीने में ही एक लाख रुपये को 18.66 लाख रुपये बनाने वाले शेयर ने अपने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दे रहा है। पिछले कई दिनों से यह अपर सर्किट पर सवार है। इस स्टॉक का नाम है वायसराय होटल्स लिमिटेड। आज यह स्टॉक 5 पर्सेंट अपर सर्किट के साथ अपने 52 हऊ्ते के हाई 50.40 रुपये पर पहुंच गया है। इसका 52 हफ्ते का लो 1.75 रुपये है।

318.32 करोड़ रुपये के मार्केट कैपिटल वाली इस कंपनी को पहले पैलेस हाइट्स होटल्स के नाम से जाना जाता था। इसको 1965 में वायसराय में शामिल किया गया था। पी प्रभाकर रेड्डी कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। 2007 में यह स्टॉक 128 रुपये के करीब था। 2019 तक आते-आते इसकी कीमत 1.35 रुपये रह गई। 2020 की शुरुआत में तो इसकी कीमत एक रुपया से भी कम रह गई। 19 अक्टूबर 2023 को यह 3.60 रुपये तक पहुंचा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# लेखापाल सचिन कठाने को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया



भोपाल। बैरसिया नगर पालिका में लेखापाल सचिन कठाने को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ एक ठेकेदार ने लोकायुक्त एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी।

फरियादी का कहना था कि आरोपित लेखापाल उसका अटका पेमेंट क्लीयर कराने के ऐवज में 50000 रुपये रिश्वत मांग कर रहा है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त की टीम ने आरोपित को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। लोकायुक्त टीम द्वारा आवेदक को रंग लगे नोट देकर भेजा गया और जैसे ही लेखापाल ने रिश्वत की रकम हाथों में ली, उसे दबोच लिया गया।यह है मामला

विगत 5 अप्रैल को सुनील कुमार पिता मदन लाल ने राजधानी के लोकायुक्त एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें सुनील ने बताया कि वह एक सरकारी ठेकेदार है और उसे मई 2023 में नगर पालिका बैरसिया द्वारा स्टेडियम कॉम्पलेक्स में दुकान निर्माण का ठेका मिला था। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उसे करीब पांच लाख का भुगतान किया जाना था। इसके लिए नगर पालिका बैरसिया के लेखापाल सचिन कठाने द्वारा 10 प्रतिशत के हिसाब से 50000 रूपये की रिश्वत की मांग की जा रही है।

शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त एसपी के मार्गदर्शन में आरोपित को पकड़ने के लिए डीएसपी अनिल वाजपेयी की अगुआई में टीम गठित की गई। मंगलवार को फरियादी ने जैसे ही लेखापाल सुनील कुमार के पास पहुंचकर उसके हाथ में रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 20000 रुपये रखे, लोकायुक्त की टीम ने उसे पकड़ लिया। लोकसेवा केंद्र परिसर में यह कार्रवाई की गई। आरोपित लेखापाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच की कार्रवाई की जा रही है।

## कहीं छिन न जाए गुणवत्तायुक्त बिजली देने का प्रोजेक्ट

ग्वालियर। नगर निगम के अफसरों का लापरवाह रवैया न केवल गुणवत्तायुक्त बिजली के लिए शहर को तरसा रहा है, बल्कि जमीन का नामांतरण करने में बरती जा रही लापरवाही प्रोजेक्ट को शहरवासियों से छीनने का कारण भी बन सकती है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लंबे समय से काम अटका पड़ा होने की वजह से जीआइएस सब स्टेशन को अन्य जगह स्थापित करने का निर्णय ले सकती है। आधुनिक तकनीक जीआइएस (गैस इंसुलेटेड स्विच्ड गियर सब-स्टेशन) का निर्माण करने के लिए शासन ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को फूलबाग स्थित चौपाटी के पास जगह का आवंटन किया था, लेकिन नगर निगम ने अब तक आवंटित भूमि का नामांतरण नहीं किया है, जिससे सब स्टेशन का निर्माण अटका पड़ा है। ग्वालियर का प्रोजेक्ट नगर निगम के कागजों में दबा रखा है, जबकि 50 एमवीए क्षमता का सब स्टेशन बनने से बिजली की गुणवत्ता बेहतर होती। ग्वालियर में आज तक जमीन की समस्या का निराकरण ही नहीं हो पाया। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का कहना है कि प्रोजेक्ट 18 माह में पूरा होना था, लेकिन जमीन का नामांतरण नहीं होने के कारण कार्य अटका है। कंपनी ने जिला प्रशासन के सहयोग से इस मामले में कुछ निराकरण होने की संभावना जाहिर की है।

123 करोड़ के प्रोजेक्ट का सात जनवरी 2023 को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भूमिभूजन किया था। इसके बाद से जीआइएस तकनीक पर आधारित 132केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य के साथ मोनोपोल टावर खड़े करने का काम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को 18 माह में पूरा करना था। कंपनी के अधिकारियों की माने तो दिसम्बर 2023 में ही इस प्रोजेक्ट को पूरा होना था, लेकिन नगर निगम में जमीन का मामला अटका होने के कारण प्रोजेक्ट को मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया, लेकिन जमीन का नामांतरण नहीं होने से अब तक काम अटका पड़ा है।

## मिशनरी स्कूल में कापी-किताबों के कमीशन का करोड़ों के खेल

जबलपुर। जबलपुर समेत महाकौशल में फैले मिशनरी स्कूल में कापी-किताबों के कमीशन का करोड़ों के खेल चल रहा है। फिर बात सेंट अलायसिंस स्कूल की हो या फिर क्राइस चर्च की। इन स्कूलों में किताबें लगाने से लेकर बदलने में स्कूल संचालक अपनी मर्जी से तय करते हैं। न तो अभिभावकों से सहमति लेने की जरूरत समझी जाती है और न ही शिक्षा विभाग इसमें कोई रुचि दिखाता है। दरअसल यह बात जिला प्रशासन के पास पहुंची अभिभावकों की शिकायतों में सामने आई हैं। इस संबंध में अभिभावकों ने बताया कि शहर में एक ही स्कूल की जितनी शाखा है, उनमें अलग-अलग किताबों को जोड़ा गया हैं, जिनकी कीमत हजारों में हैं।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर गोरखपुर स्थित संगम बुक डिपो पर एडीएम गोरखपुर के नेतृत्व में जांच की कार्रवाई जारी है। शहर के चारों और पाटन एसडीएम को कलेक्टर ने बुक सेलर्स की जांच के निर्देश दिए हैं। सभी एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्रवाई जारी रखी है।एसडीएम आधारताल शिवाली सिंह के नेतृत्व में उखरी तिराहे स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस पर व एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गोलबाजार स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस पर कार्रवाई जारी है।

मिशनरी स्कूल की हर शाखाओं में एक ही कक्षा में अलग-अलग प्रकाशक की किताबों को जोड़ा गया है, ताकि जिन बुक डिपो, प्रकाशक की बुक लगाई गई हैं, उनसे करोड़ों का कमीशन वसूला जा सके। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कापी-किताबों में कमीशन का खेल पिछले कई सालों से चल रहा है, लेकिन इस पर न तो शिक्षा विभाग हरकत में आया और न ही प्रशासन। पहली बार जिला प्रशासन ने 65 स्कूलों पर कार्रवाई की तो एक के बाद एक कर कमीशन के खेल सामने आ गया है।

सेंट अलायसिंस स्कूल सदर हो या फिर गौर, पालीपाथर, रिमझा या फिर पनागर, हर स्कूल की एक ही कक्षा में अलग-अलग प्रकाशक की किताबों को जोड़ा गया है। यह हाल सिर्फ जबलपुर के पांच स्कूलों का नहीं बल्कि महाकौशल में फैले सेंट अलायसिंस के 20 से ज्यादा स्कूलों का है। यही हाल क्राइस चर्च स्कूल जबलपुर, कटनी और सिवनी के गल्स और बॉयज स्कूलों का है।

सेंट अलायसिस सदर और गौर में एक ही कक्षा में एक ही प्रकाशक की किताब हैं तो वहीं सेंट अलायसिस पोलीपाथर में सदर और गौर की बजाए अपनी पसंदीदा प्रकाशक की बुक लगी हैं तो वहीं सेंट अलायसिस रिमझा और पनागर में भी अलग किताबें लगी हैं। जैसे-जैसे किताब और प्रकाशक बढ़ते हैं कमीशन का ग्राफ बढ़ता है। ऐसा ही हाल क्राइस चर्च, लिटिल किंगडम में भी यही हाल है।

## नई कलेक्टर गाइडलाइन में अलग अलग लोकेशनों पर जमीनों के रेट बढ़ने का असर रियल एस्टेट कारोबार पर खास नहीं

ग्वालियर। नई कलेक्टर गाइडलाइन में अलग अलग लोकेशनों पर जमीनों के रेट बढ़ने का असर रियल एस्टेट कारोबार पर खास नहीं है। यही कारण है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने के बाद एक दो दिन तो कम रजिस्ट्री हुईं लेकिन इसके बाद प्रतिदिन आंकड़ा 200 पार कर गया है। त्योहारी सीजन में लोग अपने घर के सपने को साकार करने के लिए इन दिनों खूब रजिस्ट्री करा रहे हैं। इस बार नवरात्र में अवकाश पड़ जाने के कारण रजिस्ट्री का आंकड़ा इन दिनों थोड़ा कम बढ़ेगा, लेकिन इसके बाद काफी रिस्पांस रहेगा। सोमवार को भी रजिस्ट्रार कार्यालय में काफी भीड़ रही और 200 से ज्यादा रजिस्ट्री हुईं। पूरे अप्रैल माह में रियल स्टेट कारोबार अच्छा उछाल मार सकता है।

बता दें कि तीन अप्रैल से इस बार नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हुई है। एक अप्रैल से यह गाइडलाइन लागू होना थी लेकिन आचार संहिता को कारण पंजीयन विभाग ने चुनाव आयोग से स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद स्वीकृति आई और तीन अप्रैल से प्रदेश में नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू की गई।



इसके बाद साफ्टवेयर अपडेशन किया जाता है। नई गाइडलाइन लागू होने के बाद से ही रजिस्ट्री के लिए लोगों के आने की शुरुआत हो गई थी और एक से दो दिनों में ही रिस्पांस बढ़ने लगा। नए ग्वालियर की ओर ज्यादा रजिस्ट्री

नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने के बाद से सबसे ज्यादा रजिस्ट्री सिटी सेंटर, न्यू सिटी सेंटर, सिरोल,पुरानी छावनी, बड़ागांव, ग्वालियर बाइपास के क्षेत्र में हो रहीं है। यह वह क्षेत्र हैं जहां विस्तार होता ग्वालियर है। अब कालोनाइजर और बिल्डर्स भी इन्हीं क्षेत्रों में अपने प्लान बना रहे हैं। फ्लैट, प्लाट से लेकर मकानों की रजिस्ट्री हो रहीं है। इन क्षेत्रों में ही लोकेशनों में संशोधन किया गया और दरों में 26 फीसद तक बढ़ोत्तरी अलग-अलग लोकेशनों पर की गई है।पायलट प्रोजेक्ट

प्रदेश में जल्द लागू होगा संपदा-दो प्रदेश अब संपदा-दो साफ्टवेयर को पूरी तरह लागू करने की तैयारी की जा रही है। ग्वालियर चंबल संभाग में अभी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गुना में 15 अप्रैल से संपदा दो साफ्टवेयर लागू किया जाएगा। प्रदेश के चार जिलों में यह पायलट प्रोजेक्ट लाया जा रहा है जिसमें ग्वालियर का नंबर जल्द आएगा। संपदा-दो लागू होने के बाद नामांतरण में आसानी होने के साथ आधार कार्ड के आधार पर ही रजिस्ट्री होगी। आमजन की सुविधा को बढ़ाने के लिए शासन संपदा-दो को लागू करने की तैयारी कर रहा है।

नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने के बाद अब रिस्पांस बढ़ने लगा है। सोमवार को 200 से ज्यादा दस्तावेज आए। त्योहारी सीजन में और अच्छा रिस्पांस आएगा। नवरात्र में अवकाश होने के कारण अब इसके बाद लोग अधिक संख्या में दस्तावेजों का पंजीयन करा सकते हैं। बढ़ीं दरों का लोगों पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**-डा. दिनेश गौतम, वरिष्ठ जिला पंजीयक, ग्वालियर।**



# इंदौर जिले में मतदाताओं से सम्पर्क कर अधिकतम मतदान की रणनीति बनाने के लिये बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुपों का हुआ गठन

## सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्रुप के सदस्यों के बीच पहुंचकर उनके कार्यों का लिया जायजा




इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदाताओं को मताधिकार के संबंध में जागरुक करने, अधिकतम मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं नैतिक मतदान के लिये शिक्षित करने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं शासकीय विभागों द्वारा स्वीप गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम अलवासा एवं पालिया में मतदाता जागरुकता अभियान मे सहभागिता की गई।

मतदाताओं से सम्पर्क कर अधिकतम मतदान की रणनीति बनाने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप बीएलओ की अध्यक्षता में गठित करवाये गये है। सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्राम पालिया में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों से चर्चा कर बैग टीम द्वारा क्षेत्र में मतदान की तैयारी पर चर्चा की गई। श्री सिद्धार्थ जैन ने बीएलओ को प्रत्येक बस्ती एवं मोहल्लों में मतदाताओं से सम्पर्क कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ?श्री जैन द्वारा उपस्थितजनों को मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

श्री जैन द्वारा अपने भ्रमण में ग्राम अलवासा के दो मतदान केन्द्र एवं ग्राम पालिया में शासकीय उच्चतर वि?द्यालय में स्थित 03 मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं के लिये की जाने वाली व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

श्री जैन द्वारा ग्राम पंचायत सचिव को ग्राम के समस्त मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं के लिये छाया, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये पाबंद किया गया। उन्होंने पंचायत सचिव को मतदान केन्द्रो पर दिव्यांग मतदाताओं के लिये सही आकार में रेम्प एवं रैलिंग कार्य में सुधार के निर्देश दिये गये।

भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री संजय कुमार सोलंकी, जनपद पंचायत सांवेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुद्रण प्रबंधन कार्य के लिए श्री राहुल मिश्रा नोडल अधिकारी नियुक्त

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के संबंध में आंशिक संशोधन आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने लोकसभा चुनाव के संबंध में आंशिक संशोधन करते हुए मतपत्र/डाक मतपत्र/मुद्रण प्रबंधन का कार्य कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के लेखा अधिकारी श्री राहुल मिश्रा को सौंपा है। पूर्व में इस दायित्व से संलग्न संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा श्रीमती नीलम निनामा को इस कार्य से मुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईव्हीएम मतपत्रों/डाक मतपत्रों का आकलन कर मुद्रण की तैयारी करेंगें।

## सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अपर कलेक्टर तथा समन्वयक नोडल कार्मिक प्रबंधन अधिकारी श्री सपना लोवंशी ने विधानसभा क्षेत्र सांवेर हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल के उपयंत्री श्री धनीराम कोरी, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 के लिए जल संसाधन विभाग की उपयंत्री अमीषा मुजाल्दा तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की उपयंत्री हर्षलता भूटयानी, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री मोनिका सप्रे को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है।

# रंग-बिरंगी रांगोलिया दे रही है मतदान का संदेश



इंदौर। इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर तरह के प्रयास किये जा रहे है। कहीं मेहन्दी तो कहीं रांगोलियों के माध्यम से मतदान का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। जिले के गांव-गांव में महिलाएं मतदान का संदेश आधारित आकर्षक रांगोलिया जगह-जगह बना रही है। इन रांगोलियों से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। साथ ही जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओं की भागीदारी भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ी जा रही है। इसी सिलसिले में पिछले दिनों ग्राम पंचायत रामपिपल?या में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जगह-जगह सेल्फी पाईट भी बनाये गये है। मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है।

# KKC क्लब की 60 यात्रियों के साथ सॉंवरिया सेठ एवं चित्तौड़गढ़ संगीतमय रेल यात्रा सम्पन्न




इंदौर। गायन एवं सम्मान के क्षेत्र मे 10 बार विश्व रिकार्ड बनाने वाली संस्थान चचष्ट क्लब एवं संगीत सेवा सहारा उज्जैन, महेश्वर, ओंकारेश्वर, पंचमढ़ी, भगोरिया यात्रा के बाद इंदौर से सॉंवरिया जी सेठ एवं चित्तौड़गढ़ किला की संगीतमय यात्रा 60 सदस्यों के साथ यात्रा पूर्ण की। इस यात्रा मे 5 वर्ष के बच्चे से लेकर 75 साल तक के सदस्य मौजूद रहें।

जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष पगारे एवं उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी शर्मा बताया कि सभी सदस्यों द्वारा चित्तौड़गढ़ का किले का भ्रमण किया और भोजन प्रसादी ग्रहण की। चित्तौड़ से 40 किमी. की यात्रा कर जब केकेसी क्लब और संगीत सेवा सहारा की टीम सांवरिया सेठ के दर्शनों के लिए पहुंची तो मंदिर की लाईटिगं भी ब्लू कलर में जलने लगी और केकेसी क्लब का ड्रेस कोड भी नीला ही है।

यात्रा मे बीच बीच मे सभी यात्रियों को खाने और पानी पीने की व्यवस्था की गयी थी साथ ही रेल मे मंद मंद आवाज़ मे सभी गायक कलाकार ने अपने-अपने गीतों की प्रस्तुतियां देकर यात्रियों का मनोरंजन किया।

# आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी



इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनज़र कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है।

इसी क्रम में आज सुबह सिंहासा रोड में होंडा लाइफ मोटरसाइकिल एम.पी 09 वी.आर 4157 से आकाश पिता श्याम बलराम बड़ोदिया, निवास नेनोद गांधीनगर को अवैध रूप से परिवहन की जा रही दो बेग में 300 पाव देसी मदिरा प्लेन 54 बल्क लीटर मदिरा बरामद कर विधिवत जप्त कर आरोपी आकाश बड़ोदिया को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पकड़ी गई मदिरा व वाहन का मूल्य 01 लाख रूपये है। उक्त कार्यवाही देवेश चतुर्वेदी सहायक जिला आबकारी अधिकारी व कंट्रोलर श्री आर. एच. पचौरी के नेतृत्व में प्रियंका शर्मा आबकारी निरीक्षक द्वारा की गई। इसी तरह टीम द्वारा शाम को पुन घेराबंदी कर संजय पिता बाबूलाल निवास 198 शुभम पैलेस थाना एरोड्रम को सफेद रंग की होंडा एक्टिवा MP09 UK 6095 से तीन पेटी (150 देशी मदिरा मसाला) मदिरा का अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। उक्त वाहन व मदिरा का बाजार मूल्य एक लाख 8 हजार 500 रूपये है। इस तरह आज की कार्यवाही में जप्त मदिरा व वाहन का मूल्य दो लाख 8 हजार 500 रूपये है। आकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय तथा नियम तोड़ने वाले बारों और मदिरा दुकानों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# पेड न्यूज के संबंध में मीडिया कार्यशाला मंगलवार को

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में निर्वाचन अवधि में एमसीएमसी के तहत पेड न्यूज, राजनैतिक विज्ञापनों के प्री-प्रमाणन, प्रिंटिंग प्रेसों द्वारा बरतने वाली सावधानियों सहित भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा-निर्देशों एवं नियमों से अवगत कराया जायेगा। इस कार्यशाला में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया/ न्यूज चैनल्स/ केबल ऑपरेटर्स/ समाचार पत्र/ एफएम रेडियों के संचालक/ प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इनसे आग्रह किया गया है कि वे निर्वाचन से जुड़ी इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में अवश्य शामिल होंवे।

# अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ायें - मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार

इंदौर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने नगर निगम आयुक्तों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित करें, जिससे मतदाता मतदान करने के लिये स्वयं प्रेरित हों। नई दिल्ली में आज %मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन% में प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दि शा में अतिरिक्त प्रयास करने के लिए एक साथ विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर आयोग द्वारा मतदाताओं की उदासीनता पर एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

सीईसी श्री राजीव कुमार ने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (215 ग्रामीण और 51 शहरी) की पहचान की गई है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर कतार प्रबंधन, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग जैसी सुविधा प्रदान करने की बहुआयामी रणनीति पर जोर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने बढ़ी हुई भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के लिए बूथवार कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नगर निगम आयुक्तों और डीईओ को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार करने और अलग-अलग लक्षित मतदाताओं के लिए योजना बनाने के निर्देश दिये।

इस तरह से कार्य करें कि मतदाताओं में लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लेने का गौरव भाव पैदा हो। चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

सम्मेलन में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊ और कानपुर के नगर निगम आयुक्तों के साथ-साथ बिहार और उत्तरप्रदेश के चुनिंदा जिला निर्वाचन अधिकारियों ने भाग लिया।

साथ ही बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में 7 राज्यों कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी वर्चुअली शामिल हुए।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष अभियान जारी - श्री राजन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश के जिन 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम था, वहां मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।

लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत है, के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिला लेवल पर पेंटिंग, स्लोगन, लेखन की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी, जिसमें सभी उम्र के मतदाता सहभागी बन सकते है। प्रतियोगिताओं में पुरस्कार का भी प्रावधान किया गया है।

ट्रू कॉलर, यूपीआई पेमेंट, सोशल मीडिया इन्फ्ल्यूएंसर, स्वच्छता वाहन के माध्यम से भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। उचित मूल्य दुकानों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल, पेट्रोल पम्पों में पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# नव संवत्सर पर जगमग हुए शिप्रा के घाट

उज्जैन। रामघाट क्षेत्र में आज तड़के से हिन्दू नववर्ष के स्वागत कार्यक्रम शुरु हो गए थे। रामघाट से लेकर छोटे पुल तक लोगों की भारी भीड़ थी। यहां लोग सूर्य को अर्ध्य देने के साथ-साथ स्नान भी कर रहे थे। सुबह 10 बजे से इस क्षेत्र के घाटों पर मौजूद लोगों को घाट छोड़ने का अनाउंसमेंट शुरु हो गया था। शाम को घाटों पर लाखों की रोशन हुए और गायक जुबिन नौटियाल के प्रस्तुति हुई।

उल्लेखनीय है कि विक्रम उत्सव नव संवत्सर के अवसर पर मंगलवार की शाम नगर निगम द्वारा नृसिंह घाट से लेकर रामघाट तक 5 लाख दीपक रोशन किए गए। यह आयोजन शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम के तहत किया गया।

वहीं मशहूर गायक जुबिन नौटियाल देर शाम रामघाट के सामने बने तैरते मंच से गीतों की प्रस्तुति देने पहुंचे। हालांकि दोनों कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हो चुकी थी और घाटों पर एक सप्ताह पहले से ही ब्लॉक बना



दिए गए थे।

एक ब्लॉक में 225 दीपक रखे गए और इन्हें एक साथ शाम 7 बजे रोशन किया गया। इस कार्य को पूरा करने के लिए निगम कर्मचारियों के अलावा कई स्वयंसेवी संस्थाओं के वालंटियर लगाए गए थे। इसके अलावा दत्त अखाड़ा से रामघाट के बीच शिप्रा नदी में तैरता हुआ मंच बनाया गया था। इस मंच पर गुड़ी पड़वा की शाम मशहूर गायक जुबिन नौटियाल द्वारा अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

इस कार्यक्रम को देखने के लिए शाम शिप्रा तट पर भीड़ उमड़ी। परंतु कार्यक्रम में केवल पास धारक लोगों को ही प्रवेश दिया जा रहा था। नृसिंह घाट से रामघाट होते हुए छोटे पुल तक दीपक जलाने के लिए ब्लॉक बनाए गए थे। ऐसे में इस साइड खड़े होकर लोग जुबिन नौटियाल का कार्यक्रम देख सुन नहीं पाए। इधर मंगलवार को सुबह 10 बजते ही राणौजी की छत्री स्थित होमगार्ड के अनाउंसमेंट सेंटर से लोगों को घाट छोड़ने के लिए कहा जाने लगा था।

यहां ड्यूटीरत जवानों ने बताया कि इस क्षेत्र में दीपक लगाने के लिए आज दोपहर 2 बजे तक घाट पूरे खाली कराने के निर्देश है। दोपहर 2:00 बजे बाद से नरसिंह घाट से लेकर रामघाट तक आम श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया गया था।

# 340 का स्वास्थ्य परीक्षण, की जांची आंखे, 22 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु भेजा

उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में माली समाज धर्मशाला उर्दू पुरा पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 340 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में 178 लोगों का आंखों का परीक्षण किया गया जिसमें 22 मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल भेजा गया। हॉस्पिटल की तरफ से निःशुल्क ऑपरेशन, स्वल्पाहार, भोजन, दवा, चश्मा, निःशुल्क परिवहन आना-जाना की व्यवस्था कराई जाएगी। शिविर में श्रीजी हॉस्पिटल की टीम ने निःशुल्क सेवा दी और निःशुल्क जांच कराई गई।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने



बताया कि स्वर्गीय कस्तूरचंदजी मारोठिया राजाजी की स्मृति में डॉ सागर मारोठिया, बाबूलाल मारोठिया परिवार द्वारा आयोजित शिविर में डॉ. सी एस त्रिपाठी द्वारा कैंसर से संबंधित परामर्श दिया गया। उक्त परिवार द्वारा यह तीसरा शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह सिसोदिया, माली समाज अध्यक्ष लीलाधर भाटी, वरिष्ठ पार्षद गब्बर भाटी, उज्जैन माली समाज के वरिष्ठ शिवनारायण जागीदार, लीलाधर आड़तिया, वन माली पत्रिका संपादक गजानन रामी, पार्षद सपना जितेंद्र सांखला ने स्वर्गीय कस्तूर चंदजी राजाजी को पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया। डॉ. सीएस त्रिपाठी ने कैंसर रोग से संबंधित परामर्श दिया। डॉ हेमल रावल, डॉ उमेश राय, डॉ वासुदेव शर्मा, डॉ सागर मारोठिया, डॉ बालकृष्ण व्यास, डॉ चंद्रकांत सालवे, डॉ अंशु देशवाल, डॉ दीपक फुलवानी, डॉ मनु एस मारोठिया, डॉक्टर टीम के सूत्रधार अमित दुबे, सुनील बारोट सहित मां सावित्री देवी फुले जनकल्याण समिति का सहयोग रहा।

## मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई गई शपथ

उज्जैन। ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर ईद की नमाज अदाकर नज़्मी ग्रुप उज्जैन द्वारा खाराकुआ स्थित हसनजी बादशाह मौला के मज़र पर मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई गई। नज़्मी ग्रुप के अध्यक्ष खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब कुछ ही दिन बाकी है। ईद के मौके पर युवाओं ने हाथ उठवाकर यह शपथ दिलाई गई।

नज़्मी ग्रुप के लोग यह शपथ लेते हैं कि हम देश हित मेंस्वयं मतदान करेंगे वह अपने आसपास रहने वाले सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर आदम, ताहा, मुफद्दल, सलमान, फखरुद्दीन, बुरहान आदि लोग उपस्थित थे।

## बाबा महाकाल को अर्पित किया महाराष्ट्र के रत्नागिरी का राजा हापुस आम



उज्जैन। गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर पुना के डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या कोलते परिवार द्वारा बाबा महाकाल को महाराष्ट्र के रत्नागिरी के आम का राजा हापुस आम का 1250 किलोग्राम का 125 डझन आम महाभोग चढ़ाया गया।

प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी ने बतायाकि हिंदू नववर्ष के पहले दिन 1250 किलोग्राम आमों का राजा हापुस आम जिसकी कीमत करीब साढ़े 3 लाख रूपये है, का महाराज भोग तथा सुवर्ण वर्ख जड़ित आम के थाली का भोग साढ़े तीन मुहुर्त के शुभ अवसर पर बाबा के चरणों में अर्पण किया। इस साल के प्रथम फलित, पूर्णतः नैसर्गिक पध्दति से फलित आमों के राजा हापुस आम 125 डझन आम का भोग बाबा श्री महाकालजी को अर्पित किया। सराध्यन हेल्थकेयर, साध्यसागर हेल्थकेयर, सेंटर्न कॉस्मोहिल प्रा. लि., सोलस्टिक कॉस्मेटिल प्रा. लि. कंपनी के प्रगति स्वरूप तथा डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या इनके परिवार के नवनिर्वाचित सदस्य पूर्णतः उन्नति हेतु तथा सभी की दृढ़ आरोग्य, कार्यसफलता के स्वरूप अर्पण किया गया है। प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी के माध्यम से यह अवंतिका नगरी में पूर्णित तथा सफल स्वरूप किया गया। श्री बाबा महाकाल की कृपा निरंतर डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या तथा परिवार के नवनिर्वाचित सदस्य उन्नति सुखी रहे यह मनोकामना बाबा महाकाल से मांगी।

# अपनी संस्कृति अपना त्यौहार' सूर्य अर्घ्यदान से नए वर्ष का शुभारंभ किया

उज्जैन। सविता देवता ज्ञान, तेज, ऊष्मा, ऊर्जा, जीवन, मर्यादा, सामर्थ्य तथा परमार्थ के प्रतीक हैं। यह सभी मानव जीवन में आवश्यक हैं। इसीलिए भारतीय ऋषियों ने नव वर्ष के प्रारंभ में को सविता देवता की उपासना के लिए निर्धारित की। उसी के अनुसार कालिदास अकादमी परिसर स्थित कमल सरोवर पर सेकड़ो लोगों ने सविता देवता से पावन, निर्मल और उज्जवल जीवन बनाने की प्रार्थना के साथ उन्हें अर्घ्य समर्पित किया।



प्रातः 5:30 बजे से समूह प्रार्थना, मंगल ध्वनि, सूर्य स्तोत्र गायन, युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की वाणी के साथ गायत्री महामंत्र उच्चारण करते हुए सविता ध्यान के बाद सामूहिक सूर्य अर्घ्यदान किया गया। सभी श्रद्धालुओं को मंगल तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा गया। विक्रम विश्वविद्यालय योग केंद्र द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं अदिति पवार और शुभम् शर्मा के रोमांचकारी योग प्रदर्शन के बाद महेश आचार्य उपझोन समन्वयक गायत्री परिवार उज्जैन ने अपनी शुभकामना में सभी उपस्थित लोगों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना मां गायत्री से की। संस्कार भारती महानगर उज्जैन की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए महामंत्री माधव प्रसाद तिवारी ने नगर के इस विशिष्ट आयोजन में भागीदारी कर रहे सभी श्रद्धालुओं को संस्था की ओर से शुभकामनाएं दीं। आशु नागर, डॉ विंदु पवार ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की। शांति पाठ, जय घोष के बाद कार्यक्रम संपन्न होने पर नीम पेय का वितरण किया गया जो 9 बजे तक चला और करीब एक हजार लोगों ने इसका सेवन किया। आयोजन को विराटता देने के लिए इस वर्ष शहर की अनेक संस्थाओं लाइंस क्लब, जागृति, ऊर्जा, सुरभि, फ्रेंड्स, दिवा अनुभूति ग्रुप, एस बी आई महिला क्लब, मारवाड़ी महिला मंडल, गहोई वैश्य समाज आदि। त्रिभिन्नाट महिला ग्रुप, स्वर्णिम भारत मंच, उज्जैन वाले आदि ने अपने सदस्यों के साथ भागीदारी की।

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने नव वर्ष पर निकाली शोभा यात्रा



उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर कलश गार्डन से पैदल शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या मे लोग शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभा यात्रा में सभी लोग ध्वज लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का भगवा दुपट्टा पहन कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंगलनाथ मंदिर के महंत ओम जी, भारतीय एचपी संगठन मंत्री संजय यादव, भूपेन सोनी, महामंत्री राजू यादव, उज्जैन नगर अध्यक्ष आरबीडी, प्रांत मंत्री उदय सिंह राणा, जिला अध्यक्ष राजेश, आंजना शाजापुर, जिला अध्यक्ष जितेन फुलेरीया, जिला मंत्री संतोष पाटीदार, उमाशंकर नितेश राव, डॉ राहुल सांखला आदि।

तराना तहसील अध्यक्ष बहादुर पटेल, महामंत्री गुलाब सिंह मार साहब, पिछ्लू सेट बजे सिंह, गुर्जर लखन, चौहान दुर्गेश, पाटीदार मोकमसिंह, राहुल बरनावत, सिद्दी पुर, नौपनिया माली, खेड़ी लोध तिलावत, खामली देवली, केसूनी तराना, वार्ड के सभी पदाधिकारी हिंदू योद्धा हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com